मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति
बिहार सरकार

संख्या–cm-114
04/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में किशनगंज जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

पटना, 04 फरवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में किशनगंज जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री खगड़ा के भेड़ियाडांगी पहुंचे और रेशम धागा उत्पादन केंद्र (रीलिंग सेंटर) एवं रेशम कपड़ा बुनाई केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री बालामुरुगन डी0 ने मुख्यमंत्री कोशी मलबरी परियोजना के तहत जीविका दीदियों द्वारा रेशम के उत्पादन के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। जीविका दीदियों ने शहतूत के पौधे, रेशम के कीड़े, मलबरी के बीज और रेशम धागे से बनाए जाने वाले कपड़े की निर्माण प्रक्रिया के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने रेशम धागा उत्पादन केंद्र (रीलिंग सेंटर) जाकर मशीन द्वारा तैयार किए जा रहे रेशम के धागे की प्रक्रिया को बारीकी से देखा।

मुख्यमंत्री ने रेशम कपड़ा बुनाई केंद्र, पावरलूम क्लस्टर का फीता काटकर उद्घाटन किया और पावरलूम कपड़ा बुनाई मशीन से तैयार किए जा रहे कपड़े के निर्माण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि हमलोगों को इससे काफी लाभ हो रहा है और हमलोग अब आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन गये हैं।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालय, भेड़ियाडांगी में उपस्थित स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उसके शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने कोचाधामन प्रखंड स्थित डेरामारी में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया और पुस्तकालय सहित भवन के अन्य कमरों का निरीक्षण किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिये। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन के पास स्थित जल–जीवन–हरियाली अभियान के अंतर्गत नवनिर्मित सार्वजनिक तालाब का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित बैलून आसमान में छोड़ा। मुख्यमंत्री ने तालाब में मछली और बत्तख भी छोड़ा।

मुख्यमंत्री ने कोचाधामन प्रखंड के डेरामारी में 5303.35 लाख रुपये की लागत की 560 आवासीय क्षमता वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और विद्यालय के भवन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

इस दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री शाहनवाज, सांसद श्री जावेद आजाद, विधायक श्री इजहारूल हुसैन, विधायक मो0 अंजार नईमी, विधायक श्री इजहार आसफी, विधायक श्री सऊद आलम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, अल्पसंख्यक विभाग की सचिव श्रीमती सफीना एन0, सचिव भवन निर्माण श्री कुमार रवि, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री बालामुरुगन डी0, आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल श्री मनोज कुमार, पुलिस महानिरीक्षक पूर्णिया प्रक्षेत्र श्री सुरेश प्रसाद चौधरी, जिलाधिकारी किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक डॉ0 इनामुल हक मेंगनू सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

******